प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

01.05.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे

प्रधानमंत्री वेव्स

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुंबई के जिओ वर्ल्ड, कन्वेंशन सेंटर में पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यहां वेव्स शब्द से तात्पर्य है संस्कृति, रचनात्मकता और विश्व से जुडने की लहर। उन्होंने कहा कि यह वैश्विक मंच है जो कलाकारों और रचनाकारों के नये विचारों को बढावा देगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वेव्स सम्मेलन में सौ से अधिक देशों के कलाकार, नवोन्मेषक, निवेशक तथा नीति निर्माता एक मंच पर साथ आये हैं। वेव्स बाजार पहल की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह नवोन्मेषकों और रचनाकारों को प्रोत्साहित करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वेव्स सम्मेलन में भारत की रचनात्मक ताकत वैश्विक मंच पर उजागर होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर प्रयासरत है और उसके पास विश्व का तीसरा सबसे बडा स्टार्टअप सिस्टम है।

.........................................................................

जाति जनगणना

केंद्र सरकार ने आगामी जनगणना में जाति गणना कराने का फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की राजनीतिक कार्यसमिति ने यह निर्णय लिया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कुछ राज्यों ने जातिगत सर्वेक्षण समुचित रूप से कराया, लेकिन कुछ अन्य राज्यों ने इसे राजनीतिक मंशा से और गैर–पारदर्शी ढंग से कराया है, जिसे लेकर समाज में संदेह की स्थिति बनी। वैष्णव ने कहा कि इन कारणों को ध्यान में रखते हुए और देश के सामाजिक तानेबाने को किसी राजनीति से बचाए रखने के उद्देश्य से सर्वेक्षण के स्थान पर जाति गणना आगामी जनगणना में पारदर्शी तरीके से शामिल की जाएगी। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केन्द्र सरकार के देश में जातिगत जनगणना कराने के फैसले का स्वागत किया है। शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मांग को स्वीकार किया है जो हर्ष का विषय है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में जब जनगणना होगी तो पारदर्शिता के साथ होगी

.........................................................................

## शाह – श्रमिक दिवस

आज विश्व श्रमिक दिवस है। श्रमिक आंदोलनों और विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था में कामगारों के योगदान को रेखांकित करने के लिए प्रत्येक वर्ष पहली मई को श्रमिक दिवस मनाया जाता है। इसे मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है। गृह मंत्री अमित शाह ने विश्व श्रमिक दिवस पर देश के सभी कामगारों को बधाई दी है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि विकसित भारत का संकल्प साकार करने के लिये दिन–रात परिश्रम करने वाले श्रमिक लोगों का जीवन सुगम बना रहे हैं तथा अपने कठिन श्रम और समर्पण से अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। कामगारों को राष्ट्र निर्माण का सशक्त स्तंभ बताते हुए अमित शाह ने आश्वस्त किया कि सरकार श्रमिकों के कल्याण और समृद्धि के लिये प्रतिबद्ध है।

----------

## मौसम

राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते अगले पांच दिनों तक प्रदेश में बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि आगामी छह मई तक प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में अंधड़ चलने और बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

----------